कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706
ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in

दिनांक 24 / 09 / 2019

प्रेस विज्ञप्ति

रासेयो का स्वर्ण जयन्ती समारोह

आज दिनॉक 24 / 09 / 2019 को शा.कन्या महाविद्यालय सीहोर मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान मे राष्ट्रीय सेवा योजना का स्वर्ण जयन्ती स्थापना वर्ष का दो दिवसीय कार्यक्रम सभी स्वयंसेवको के साथ बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रासेयो के प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर मल्यार्पण एवं दीप प्रज्जतलन के साथ किया गया। आज रासेयो स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर नवीन प्रवेशित छात्राओं का अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला संगठक रासेयो डॉ. राजेश बकोरिया ने छात्राओं को महात्मा गांधी जी के विचारो को अंगीकृत करके, देश मे स्वच्छता अभियान के माध्यम से, समाज सेवा के माध्यम से ही रासेयो के उद्‌देश्य को पूरा कर सकते है साथ ही स्वयं का व्यक्तित्व विकास भी कर सकते है रासेयो प्रतीक पुरूष स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शो एवं विचारो पर चलकर हम व्यक्तित्व के चरम उत्कर्ष पर पहुॅच सकते है। उन्होने छात्राओं को प्रेरणाप्रद कहानी के साथ रासेयो की ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' की धारणा को बताते हुऐ अपने वक्तत्य को समाप्त किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला संगठक रासेयो सीहोर एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त डॉ. सुधा लाहोटी ने छात्राओं को एन.एस.एस. को जीते हुए अपने 15 वर्षीय अनुभव को बताया। एन.एस.एस. एक ऐसा मंच है जो न केवल व्यक्तित्व को निखारता है बल्कि हमारी छिपी प्रतिभाओ को भी निखारता है। हमें अनुशासन, सहयोग की भावना, मदद एवं सेवा भाव रासेयो के माध्यम से ही सीखने को मिलती है। इसके साथ ही छात्राओं ने रासेयो से संबंधित जिज्ञासाऔ को भी पूछा। पी.जी. कॉलेज से आये राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त रासेयो स्वयंसेवक उमेश पंसारी ने छात्राओं को रासेयो के लक्ष्यगीत, आहवानगीत एवं तालियो का

अभ्यास कराया जसमें विनोद भिलाला, शकुन्तला मीणा, निहारिका गुप्ता आदि ने सहयोग किया। साथ ही महाविद्यालय में पूर्व में आयोजित सभी कार्यक्रमो को पी.पी. टी. के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम के अन्त में छात्राओं को रासेयो के खेलो – रूमाल झपट्टा, ऐसे केसे का भी अभ्यास कराया गया जिसमें छात्राओं ने बडे उत्साह के साथ खेला। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुधा लाहेटी, जिला संगठक राजेश बकोरिया जी को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये तथा पूर्व सर्वश्रेष्ट स्वयं सेवक कु. शकुन्तला मीणा, कु. पूजा एवं प्रिया धाडी एवं उमेश पंसारी को उनके सर्वोत्तम योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना परमार कविता, प्रिया धाडी, मेघा झावर ने किया तथा आभार व्यक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने किया। संम्पूर्ण कार्यक्रम में रासेयो सहयोगी डॉ. प्रतिभा सोनी, दीप्ति परमार, रानू राठौर, शोना, महिमा सोनी योगेश्वरी, नीलम राठौर, ऐश्वर्या, प्रियंका चौधरी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में दूसरे दिन महाविद्यालय में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन डॉ. नीतेश गौर एवं सहयोगी के द्वारा किया जा रहा है।